L.N.393-W/M-2/ Instruction / 0/Vol–III Date 03.01.2024

# मंडल कार्यालय आदेश 02/2024

समस्त मुख्य लोको निरीक्षक
एवं मुख्य क्रू नियंत्रक, जोधपुर एवं मेड़तारोड
समस्त लोकोपायलट, लोकोपायलट शंटर एवम सहायक लोकोपायलट

**विषय :** रनिंग के दौरान वन्दे भारत ट्रेन के दरवाजे बंद रखने व असामान्यता सूचित करने बाबत।

**सन्दर्भ. :** Dy. CME (D&R) Message No 378 dated 03.01.2024

****

1. वन्दे भारत ट्रेन के ऑपरेशन के दौरान प्रायः देखा गया है कि रनिंग के दौरान क्रू/गार्ड द्वारा डीटीमी कैब का बैक डोर खुला रखा जाता है। डोर के खुले रहने पर किसी भी अनाधिकृत/संदिग्ध व्यक्ति द्वारा कैब में प्रवेश कर ऑपरेशन में बाधा उत्पन्न की जा सकती है। अतः सभी क्रू/गार्ड को ये सख्त हिदायत दी जाती है ट्रेन वर्किंग के दौरान ट्रेन/कैब के सभी दरवाजों का सही तरह से बंद होना सुनिश्चित करें साथ ही सभी लोको निरीक्षकों को निर्देश दिए जाते हैं कि गाड़ी वर्किंग के दौरान दरवाजों का सही प्रकार से लगे होने की औचिक जाँच करें तथा कोई भी असामान्यता मिलने पर कण्ट्रोल/सम्वंधित अधिकारियों को सूचित करें। सभी संबंधितों द्वारा उक्त निर्देशों की सख्त अनुपालना सुनिश्चित की जाये अन्यथा अवहेलना करने वाले कर्मचारिओं के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही कि जायेगी।

2. गाड़ी वर्किंग के दौरान लाइन पर अथवा लाइन के नजदीक कोई भी असामान्य वस्तु, व्यक्ति या स्थिति दिखाई दे, जो रेल के संरक्षित संचालन में बाधा उत्पन्न कर सकता हो, तो इसकी तुरंत सूचना पॉवर कण्ट्रोल तथा सेक्शन कण्ट्रोल को दें।

3/1/24

वरि०मण्डल यॉंत्रिक इंजीनियर (ई.एन.एच.एम. एवं पॉवर)
उत्तर पश्चिम रेलवे जोधपुर

Copy: Sr. DOM / JU